दैनिक भास्कर

उदयपुर 24-02-2025

रजत जयंती स्मृतियां-2025 • कार्यक्रम की शुरुआत जिंक टैलेंट हंट की विजेता नीलांशी की ठुमरी से हुई

अनूप जलोटा, रोनू मजूमदार की जुगलबंदी से सजी संगीत संध्या

भास्कर न्यूज़ | उदयपुर

शिल्पग्राम में तबला जादूगर पं. चतुरलाल मेमोरियल सोसायटी और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सहयोग से रविवार को 'रजत जयंती स्मृतियां-2025' कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत जिंक टैलेंट हंट की विजेता नीलांशी शर्मा की ठुमरी से हुई। उन्होंने... होली आयी रे, पिया जी के देश... और बरसन लागी... प्रस्तुत किए तो दर्शकों ने तालियों से सराहा। इसके बाद उत्तराखंड मूल की वसुंधरा रतूड़ी ने राग बागेश्री में... पार करो मोरी नैय्या... और ...अरज मोरी मानो तुम... गाए। उन्होंने... ओ सजना बरखा बहार आयी... से अपनी प्रस्तुति का समापन किया। भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा और बांसुरी बादक पं. रोनू मजूमदार की जुगलबंदी को तबला उस्ताद प्रांशुल



बन गई। जलोटा ने... ऐसी लागी लगन..., ...अच्युतम केशवम... भजन सुनाया तो श्रोता भावविभोर हो गए। मुक्ताकाशी मंच पर जलोटा के हारमोनियम और रोनू मजूमदार की बांसुरी की राग यमन जुगलबंदी ने समां बांध दिया। समारोह में जापानी सितार-वादक तादाओ इशिहामा और तबला उस्ताद प्रांशुल चतुरलाल की

तीन ताल की विलंबित द्रुत प्रस्तुति दी। तबले और सितार के सवाल-जवाब ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदांता हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की सीएसआर हेड अनुपम निधि, हिजिली के सीआईओ चेतन त्रिवेदी, वंडर सीमेंट के पी. पाटीदार और पं. चरनजीत चतुरलाल ने दीप प्रज्वलित